## संपादकीय

# क्रिप्टो करंसी पर तो बैन लगना ही चाहिए

क्रिप्टो करंसी क्या है, यह जानना जरूरी है। मान लीजिए 100 कंप्यूटर विशेषज्ञ एक हॉल में अलग-अलग क्यूबिकल में बैठे हुए हैं और वे एक सुडुको के पजल को हल कर रहे हैं। जिसने यह पजल पहले हल कर लिया, उसके हल को सबने देखा और अनुमोदित कर दिया कि हां, यह हल सही है तो उसे एक बिटकॉइन दे दिया गया। इसके बाद सबने सुडुको के अगले चरण के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। एक कंप्यूटर ने इन सुझावों को मिलाया और एक नया सुडुको पजल उन्हीं 100 लोगों को दे दिया। दोबारा इनमें से जिसने सबसे पहले सुडुको को हल किया, उसे फिर से लोगों ने चेक किया और सही पाए जाने पर उसे एक और बिटकॉइन दे दिया गया। ध्यान रहे, यह बिटकॉइन केवल एक 'नंबर' होता है, जो एक कंप्यूटर द्वारा बनाया जाता है। जिसके पास वह 'नंबर' है, वही उस बिटकॉइन का मालिक है। यह नंबर ही चेक बुक है।

**सरकारी नियंत्रण नहीं**

उस बिटकॉइन की मान्यता उन्हीं 100 लोगों के बीच है, जिन्होंने उस सुडुको को हल करने में हिस्सा लिया है और उसके हल करने का अनुमोदन किया है। यदि किसी दूसरे हॉल में दूसरे 100 कंप्यूटर खिलाड़ी बैठे हैं और वे अपनी अलग क्रिप्टो करंसी बना रहे हैं तो उनके लिए यह जरूरी नहीं है कि वे पहले हॉल में बैठे खिलाड़ियों द्वारा जो सुडुको हल किया गया है, उसे मान्यता दें। आप भी यदि चाहें तो एक कमरे में 100 कंप्यूटर खिलाड़ियों को बैठा लें और एक अपनी क्रिप्टो करंसी बना लें। इस तरह आज विश्व में कम से कम 1500 अलग-अलग क्रिप्टो करंसी चलन में हैं। इनकी मान्यता सिर्फ इस बात पर निर्भर करती है कि जो पजल हल किया गया, उसको कौन लोग स्वीकार करते हैं। जितने लोग उस पजल के हल को स्वीकार करते हैं, उतनी ही इस करंसी की कीमत होती है।

क्रिप्टो करंसी शुरू करने के पीछे मूल विचार यह था कि सरकारों द्वारा जारी किए गए नोट की कीमत सरकारों के हाथ में होने से निवेशकों को जो दिक्क त होती है, उससे छुटकारा मिले। आपने बड़ी मेहनत से एक लाख रुपये कमाए, लेकिन सरकार ने महंगाई बढ़ा दी तो उस एक लाख रुपये की कीमत घटकर 80 हजार हो गई। अपनी संपत्ति को सरकार के नियंत्रण से बाहर रखने के लिए लोगों ने क्रिप्टो करंसी बनाई। इसके ऊपर किसी भी सरकार या केंद्रीय बैंक का नियंत्रण नहीं होता। लेकिन क्रिप्टो करंसी जिन कंप्यूटरों में बनाई जाती है, वे कंप्यूटर किसी न किसी स्थान पर होते हैं, जो किसी न किसी देश में पड़ता है। इसलिए हम क्रिप्टो करंसी को सरकार के दखल से पूर्णतया बाहर नहीं मान सकते। वर्तमान में क्रिप्टो करंसी खेलने वालों का पसंदीदा देश चीन है। मान लीजिए चीन की सरकार ने इनके कंप्यूटर जब्त कर लिए तो उस करंसी पर संकट अवश्य आएगा।

समय के साथ जो सुडुको पजल बनाए गए, उनकी जटिलता भी बढ़ती जा रही है। आज बिटकॉइन बनाने के कारखाने लग गए हैं। इन कारखानों में बड़े-बड़े कंप्यूटर हैं, जो जटिल से जटिल सुडुको पजल को हल करने का प्रयास करते हैं। इन पजल को हल करने में इन कंप्यूटरों द्वारा भारी मात्रा में बिजली की खपत की जा रही है। जैसे रिजर्व बैंक द्वारा नोट छापने में कागज और स्याही का उपयोग किया जाता है, उसी तरह क्रिप्टो करंसी बनाने में बिजली का उपयोग किया जाता है। इसलिए क्रिप्टो करंसी पर्यावरण के लिए हानिप्रद है। दूसरी बात यह कि इसमें बिजली की खपत केवल पजल को हल करने में की जाती है, जिससे कुछ भी भौतिक या मूर्त उत्पादन नहीं हो रहा है। हां, इतना कहा जा सकता है कि जिस प्रकार आपको सिनेमा देखने में आनंद आता है, उसी प्रकार क्रिप्टो खिलाड़ियों को पजल हल करने में आनंद आता है। लेकिन यह आनंद पर्यावरण को नष्ट करके हासिल किया जा रहा है।

*-भरत झुनझुनवाला*

# प्रॉपटाइगरडॉटकॉम ने वर्चुअल प्रॉपर्टी की खोज के लिए अनुभवात्मक प्लेटफॉर्म प्रॉपटाइगर डायरेक्ट लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** प्रॉपटाइगरडॉटकॉम भारत की अग्रणी डिजिटल रियल एस्टेट सलाहकार फर्म ने भारत के 8 प्रमुख रियल एस्टेट बाजारों में प्रॉपटाइगर डायरेक्ट लॉन्च करने की घोषणा की है, जो वन-स्टॉप वर्चुअल प्लेटफॉर्म है जिसमें ग्राहक प्रॉपर्टी खरीद का अनुभव इस तरह से कर सकते हैं जो पहले कभी नहीं देखी गई। डिजिटल होम खरीदारी में एक नए युग की शुरुआत करने की दृष्टि से प्लेटफार्म की कल्पना की गई है। इसके अंतर्गत सर्विसेज की श्रेणी में प्लेटफॉर्म पर कॉल, ऑनलाइन चैट या प्रॉपटाइगर के प्रॉपर्टी विशेषज्ञों के साथ वीडियो मीटिंग के माध्यम से रीयल टाइम प्रॉपर्टी सहायता प्राप्त करना शामिल है, जो पूरी तरह से मुफ्त है। डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रत्येक शहर के विभिन्न इलाकों में कई प्रोजेक्टों तक पहुंच प्रदान करता है 7 इसके अलावा डिजिटल ब्रोशर तक पहुंच, प्रोजेक्ट और इलाके के वीडियो, एरिया के विशेषज्ञों के साथ पहले से रिकॉर्ड किए गए वेबिनार, वर्चुअल साइट टूर और ड्रोन शूट के माध्यम से साइट लोकेशन और इलाके का पूरा कवरेज शामिल है।

हमें पिछले दो हफ्तों में दस हजार से अधिक विजिटर मिले हैं और आने वाले दिनों में और बढ़ने की उम्मीद है। प्लेटफॉर्म पर विजिटरों द्वारा बिताया गया औसत समय 17 मिनट के करीब है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए बहुत अधिक है। हमने खरीदारों के लिए एक ब्रांडेड वन-स्टॉप समाधान बनाकर भारत में प्रॉपर्टी के लेनदेन के तरीके को पहले ही बदल दिया है, और हम प्रॉपर्टी की खरीद और बिक्री में और अधिक नवाचार लाना जारी रखेंगे, मणि रंगराजन, ग्रुप सीओओ, प्रॉपटाइगरडॉटकॉम, हाउसिंग डॉट कॉम और मकान डॉट कॉम ने कहा। प्रॉपटाइगर डायरेक्ट पर निर्बाध अनुभव न केवल बहुत समय और परेशानी बचाता है बल्कि उपयोगकर्ताओं को प्रॉपर्टी बाजार की स्पष्ट समझ भी देता है, जिससे उन्हें सूचित निर्णय लेने में मदद मिलती है। जबकि पीटी डायरेक्ट पर अधिकांश सेवाएं दिल्ली, बेंगलुरु, गुरुग्राम, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई और पुणे में उपलब्ध हैं, इन सेवाओं को कई अन्य शहरों में विस्तारित करने की योजना पर काम चल रहा है।

पीटी डायरेक्ट पर उपलब्ध कुछ अलग-अलग लाभ, जो घर बैठे सभी सुविधाओं तक पहुंच, प्रॉपर्टी विशेषज्ञों से वास्तविक समय पर बात करना, मीटिंग शेड्यूल करना, डेवलपर्स के साथ बातचीत करना, बुकिंग राशि का सुरक्षित रूप से भुगतान करना और विशेष ऑफ़र और छूट को अनलॉक करना है। हाउसिंग यूनिट को डिजिटल इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से तुरंत अवरुद्ध भी किया जा सकता है। प्रॉपटाइगरडॉटकॉम के बिजनेस हेड, राजन सूद ने कहा, हम वर्तमान में गोदरेज, ब्रिगेड, शोभा, प्रेस्टीज, पूर्वांकरा, शापूरजी पल्लोनजी और मर्लिन जैसे प्रमुख ब्रांडों सहित 100 से अधिक बिल्डर बूथों की मेजबानी कर रहे हैं। जैसा कि महामारी के मद्देनजर उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव होता है, हमारा डिजिटल प्लेटफॉर्म घर खरीदारों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए नवीन, मूल्य-आधारित और एकीकृत उत्पादों की पेशकश करने के लिए उभरते रुझानों के अनुकूल होना जारी रखेगा। पीटी डायरेक्ट के पास 150 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स के लिए डिजिटल ब्रोशर और वर्चुअल टूर का भंडार है, शीर्ष इंडस्ट्री विशेषज्ञों के साथ 100 से अधिक प्री-रिकॉर्डेड वेबिनार और कई साइट स्थानों के ड्रोन शूट हैं।

# मई में खुदरा मुद्रास्फीति दर 6.30 प्रतिशत पर



**नई दिल्ली।** खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने और आवक सख्त होने से मई 2021 में खुदरा मूल्यों पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 6.30 प्रतिशत पर दर्ज की गयी है। सरकार के सोमवार को यहां जारी आंकड़ों में बताया गया कि अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 4.23 प्रतिशत रही थी। कोरोना महामारी के कारण देश को विभिन्न हिस्सों में पाबंदियां लगी है जिनका असर आवक और लदान पर पड़ा है। आंकड़ों के अनुसार मई 2021 में मोटे अनाज की खुदरा कीमतों में 1.42 प्रतिशत की कमी आयी है। दूसरी ओर, मांस और मछली की कीमत 9.03 प्रतिशत, अंडा की 15.16 प्रतिशत, दूध उत्पाद की 0.64 प्रतिशत, तेल एवं वसा की 30.84 प्रतिशत और फल की 11.98 प्रतिशत में वृद्धि में दर्ज की गयी है। इसी माह में सब्जी के दाम 1.92 प्रतिशत गिरे हैं। मई 2021 में दलहन के दाम 9.39 प्रतिशत बढे हैं। ईंधन के दाम में 11.58 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

# गोल्ड हॉलमार्किंग से जुड़ा नया नियम लागू, आज से बाजार में मिलेगा सिर्फ 14, 18 और 22 कैरेट वाला सोना



**नई दिल्ली।** आज से बाजार में आपको सिर्फ हॉलमार्क का ही सोना मिलेगा। अनिवार्य हॉलमार्किंग से आम लोगों को फायदा होगा। खरीदे गए सोने पर लिखा होगा कि यह कितने कैरेट का है। सभी ज्वैलर्स अब सिर्फ 14 कैरेट, 18 कैरेट और 22 कैरेट वाले गोल्ड की बिक्री ही कर सकेंगे। बीआईएस अप्रैल 2000 से गोल्ड हॉलमार्किंग की स्कीम चला रही है। अब तक सिर्फ 40 फीसदी ज्वैलरी की ही हॉलमार्किंग हुई है। ज्वैलर्स की सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को ऑनलाइन और ऑटोमैटिक कर दिया गया है।

❒ **क्या होती है सोने की हॉलमार्किंग-** हॉलमार्क सोने की शुद्धता का प्रमाण है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत आने वाला भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) हॉलमार्किंग के लिए अधिकृत विभाग है। अतः बीआईएस हॉलमार्किंग देखकर ही सोना खरीदें। यह भी देखने में आता है कि कई ज्वेलर्स बिना जांच प्रकिया पूरी किए ही हॉलमार्क लगाते हैं। ऐसे में यह देखना जरूरी है कि हॉलमार्क ओरिजनल है या नहीं। असली हॉलमार्क पर भारतीय मानक ब्यूरो का तिकोना निशान होता है। साथ ही इस पर सोने की शुद्धता भी लिखी होती है। उस पर ज्वैलरी निर्माण का वर्ष और उत्पादक का लोगो भी होता है।

❒ **क्या होगा फायदा-** हॉलमार्किंग अनिवार्य होने से उन ज्वेलर्स को बड़ा झटका लगेगा जो ज्वेलर्स ज्यादा कैरेट बताकर कम कैरेट वाला सोना ग्राहकों को बेच रहे हैं। हॉलमार्किंग लागू होने के बाद ऐसा करना पाना संभव नहीं होगा। उपभोक्ताओं बाजार में शुद्ध सोना मिलेगा और वे ठगी का शिकार नहीं होंगे।

# शक्कर सस्ती, खाद्य तेलों में गिरावट, दलहन दाल में नरमी, चावल सामान्य

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में ग्राहकी कमजोर रही इससे यह सस्ती बिकी। खाद्य तेलों में आज फिर भाव टूटे। मूंगफली तेल तो 100 रुपये तक सस्ता बिका। दलहन में मिलों की मांग घटने से गिरावट दर्ज की गई। आज मूंग तुअर सस्ती बिकी। दाल में भी खरीदी सुस्ती से भाव नरम बोले गए। चावल सामान्य रहा।

❒ **किराना बाजार-** शक्कर में उठाव सुस्त बताया गया। आज शक्कर में कामकाज 3370 से 3410 रुपये की रंगत पर हुआ। शक्कर में 12 गाड़ी आवक हुई। गुड़, खोपरा गोला, साबूदाना में लिवाली बढ़ी बताई गई इससे भाव मजबूत रहे।

❒ **तेल -तिलहन-** खाद्य तेल मांग कमी से भाव गिरावट लिए रहे। आज मूंगफली तेल 100 रुपये तथा सोयाबीन रिफाइंड 50 रुपये सस्ता बिका। तिलहन में रिफाइनरी वालों की खरीदी रूकने से सोयाबीन तथा सरसों में भी मंदा दर्ज किया गया।

❒ **दाल-दलहन-** स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मांग सुस्ती से रही दलहन मंदी लिए बताए गए। आज मूंग 200 तथा तुअर 100 रुपये टूटी। दाल में उठाव घटा बताया गया इससे मजबूती रही। चावल में कामकाज सामान्य बताया गया।

# फिल्म ओह माय गॉड 2 में दिखेंगी यामी गौतम



दिलकश अभिनेत्री यामी गौतम अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस अभिनेत्री ने फिल्म उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर से 4 जून को शादी रचाई है। अब यामी की झोली में एक और खुशी आई है। खबरों की मानें तो वह अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की बहुप्रतीक्षित फिल्म ओह माय गॉड 2 में नजर आने वाली हैं। ओह माय गॉड 2012 में आई एक जबरदस्त कॉमेडी फिल्म थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय और पंकज की फिल्म ओह माय गॉड 2 में यामी फीमेल लीड भूमिका में नजर आ सकती हैं। बताया जा रहा है कि यामी का किरदार फिल्म की कहानी के हिसाब से काफी महत्वपूर्ण है। एक सूत्र ने कहा, फिल्म का पिछला भाग भगवान के साथ एक आदमी की लडाई से संबंधित था। इस बार मेकर्स एक अनोखी कहानी के साथ आएंगे जिसमें पंकज, अक्षय और यामी अहम भूमिकाओं में दिखेंगी।

सूत्र ने बताया कि यामी अक्षय के साथ इस सीच ल फिल्म में काम करने के लिए काफी उत्सुक हैं। यह पहली बार होगा जब यामी अक्षय के साथ किसी फिल्म में नजर आएंगी। सूत्र ने कहा, मेकर्स ओह माय गॉड को इसके ब्रैंड के पैमाने पर बनाते, तो अब तक इस फ्रेंचाइजी की पांच फिल्में बन गई होती। हमारी टीम इस बात को लेकर आश्वस्त थी कि यदि हम कहानी से संतुष्ट होंगे तभी इसके अगले भाग पर काम करेंगे।

फिल्मों के अलावा यामी फिलहाल अपनी वैवाहिक जिंदगी को लेकर लाइम लाइट में बनी हुई हैं। यामी और आदित्य की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। यामी और आदित्य की इस शादी में केवल परिवार के लोगों की मौजूदगी रही। यह शादी पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ हिमाचल प्रदेश में मंडी में हुई है। आदित्य की 2019 में आई सुपरहिट फिल्म उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक में विक्की कौशल के साथ यामी अहम भूमिका में नजर आई थीं। ओह माय गॉड में अक्षय के साथ परेश रावल को दमदार भूमिका में देखा गया था।

## आज का राशिफल

मेष :- आज का दिन सामान्य रहेगा। अपने करियर को लेकर चिंतित रहेंगे, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह बखूबी कर सकेंगे। सिर दर्द की समस्या परेशान कर सकती है।

वृषभ :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। किसी खास दोस्त की तबीयत अचानक से खराब होने से मन उदास रहेगा।

मिथुन :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ के प्रबल योग हैं। सामाजिक कार्यों में सुयश मिलेगा और समाज में प्रतिष्ठा व प्रभाव की बढ़ोतरी होगी।

कर्क :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। धन प्राप्ति के योग बनेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से चिंतित रहेंगे। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

सिंह :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा रहेगा। पारिवारिक सुख और धन में बढ़ोतरी होगी। समाज के कार्यों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

कन्या :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होगा और धनप्राप्ति के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च बढने से चिंता भी रहेगी।

तुला :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। आपकी सूझबूझ से कारोबार में अच्छा लाभ मिलेगा। परिजनों और मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं।

वृश्चिक :- आज का दिन शुभ रहेगा। परिवार में सुख और धन की वृद्धि होगी। नौकरी में प्रमोशन का योग बन सकता है। खान का ध्यान रखेंगे, तो सेहत अच्छी रहेगी।

धनु :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में लाभ प्राप्ति के योग हैं। आर्थिक निवेश फायदेमंद होगा। धन संबंधित कार्य पूरे होंगे। मानसिक शांति की तलाश में अध्यात्म से जुडने का मौका मिलेगा।

मकर :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। धनप्राप्ति के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्चों की भी अधिकता रहेगी। खराब सेहत की वजह से आप अपने जरूरी कामों को नहीं कर पाएंगे।

कुम्भ :- आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक लाभ का योग बन रहा है। कारोबार में नई योजनाओं की शुरुआत हो सकती है।

मीन :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में लाभ होगा। समाज में यश, मान और सम्मान में बढ़ोतरी होगी। जीवन साथी की सेहत भी चिंता का विषय बनी रहेगी।

# अजय देवगन की फिल्म कैदी में काजल अग्रवाल की हुई एंट्री




सुपर स्टार अजय देवगन तानाजी के अपार सफलता के बाद दोबारा ऑन स्क्रीन देखने के लिए फैंस बेताब है। यह अपनी आने वाली कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में हैं इसके साथ ही उनकी फिल्म मैदान की रिलीज पर भी लोग आंख गड़ाए बैठे हैं। लेकिन अभी इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन इस बात को कोई झुठला नहीं सकता कि अजय देवगन बॉलीवुड के बहुत ही मेहनती अभिनेता है इनकी भले ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज ना हो लेकिन एक न एक फिल्म साइन करते रहते हैं और अपने फैंस को यह एक एक खुशखबरी देते रहते हैं आए दिन या सोशल मीडिया पर अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा का विषय बने रहते हैं

खबरों की मानें तो सुपर स्टार अजय देवगन तमिल फिल्म कैथी में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन का नाम इस फिल्म के लिए सबसे ज्यादा चर्चा में है। खबरों की मानें तो फिल्म में अजय देवगन कार्तिक का किरदार पर्दे पर निभाते हुए दिखाई देने वाले हैं। यह एक क्राइम एक्शन फिल्म है वैसे तो वर्जिनल फ़िल्म को हिंदी में भी रिलीज किया गया है।

लेकिन फिर भी इस फिल्म को हिंदी में रेकरेट करने की तैयारी की जा रही है। खबरों की मानें तो इस फिल्म के लिए लीड एक्ट्रेस के नाम को लेकर भी खबर सामने आ रहे हैं।


# काम पर लौटने की तैयारी में शाहरुख खान



बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान अब काम पर लौटने की तैयारी में है। इसकी जानकारी खुद किंग खान ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ अपनी एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर कर दी। इस तस्वीर को शेयर करने के साथ ही शाहरुख ने इसे मजेदार कैप्शन देते हुए लिखा-वो कहते हैं समय को दिन, महीने और दाढ़ी से मापा जाता है। मुझे लगता है कि अब समय आ गया है ट्रिम करने का और काम पर लौटने का। उन सभी को शुभकामनाएं जो कुछ हद तक सामान्य स्थिति में पहुंच गए हैं। सुरक्षित और स्वस्थ दिन और आगे काम करने के महीने। सभी को ढेर सारा प्यार।

शाहरुख खान के इस पोस्ट को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और इसपर जमकर प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। शाहरुख खान लगभग तीन साल बाद अभिनय की दुनिया में वापसी कर रहे हैं।

# चने की दाल से बनाएं स्वादिष्ट ढोकला



### सामग्री :

चना दाल- 1 कप, दही- 2 बड़े चम्मच, हरी मिर्च अदरक का पेस्ट- 1 बड़ा चम्मच, हल्दी पाउडर- चुटकीभर, ईनो- 1 छोटा चम्मच, नींबू का रस- 1 चम्मच, पानी- 2 कप, नमक- स्वादानुसार

**तड़के के लिए-** तेल- 1 बड़ा चम्मच, हींग- चुटकीभर, राई- 1/2 छोटा चम्मच, हरी मिर्च- 4-5 कटी हुई, धनियापत्ती-2 चम्मच कटी हुई, पानी- 1 कप

### विधि :

चने की दाल को दो से तीन बार धोने के बाद कम से कम 4-5 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रख दें। 4-5 घंटे बाद हल्का पानी डालते हुए इसका गाढ़ा सा पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रहे पानी का बहुत ज्यादा इस्तेमाल नहीं करना है। अब पीसे हुए दाल में दही, नमक और नींबू का रस मिक्स करें। इसे ढककर खमीर उठने के लिए कम से कम 1-2 घंटे के लिए छोड़ दें। दो घंटे बाद इसमें अदरक-मिर्च का पेस्ट और ईनो डालकर अच्छी तरह कम से कम एक से दो मिनट तक फेंटें। ढोकले वाले बर्तन में दो कप पानी डालकर मीडियम आंच पर गर्म होने के लिए रख दें। अब इस मिश्रण को तेल लगे बर्तन में डालकर कुकर या स्टीमर जिस में भी ढोकला बनाना है उसमें रख दें। कम से कम10-15 मिनट तक इसे भाप से पकाएंगे। चेक करने के लिए चाकू को मिश्रण में डालकर देखें। चाकू साफ निकल आए तो यह पक चुका है अगर चाकू पर गीला पेस्ट लगा हुआ है तो इसे और पकाने की जरूरत है। ढोकले को बर्तन से निकालकर किसी थाली में रख दें और थोड़ा ठंडा होने के लिए छोड़ दें। ठंडा होने के बाद इसे मनचाहे शेप में काट लें। कड़ाही में तेल गर्म करें। इसमें हींग, करी पत्ता, हरी मिर्च और राई का तड़का लगाएं। और इस तड़के को ढोकले के ऊपर डाल दें। धनिया पत्ती से गार्निश कर सर्व करें।


# शब्द सामर्थ्य- 111

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 110 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष्म | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

# सू-दोकू- 111

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.110 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |